संख्या (2)

अभ्यास कार्य

कक्षा - XI

हिंदी - इलैक्टिव

जुलाई

अंतरा पाठ - 2 दोपहर का भोजन - अमरकांत

1. गरीबी से जूझ रहे परिवार को एक बनाए रखने के लिए गृहिणी क्या भूमिका निभाती है ?

2. कहानी के किस पात्र के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या और उसके प्रभाव को दर्शाया है ?

3. भूख और गरीबी में प्राय: धैर्य और संयम टिक नहीं पाते — इसके संदर्भ में सिद्धेश्वरी का चरित्र चित्रण करें।

पाठ - 3 टार्च बेचने वाले — हरिशंकर परसाई

1. टार्च के प्रतीक के माध्यम से परसाई जी ने आस्थाओं के बाजारीकरण पर व्यंग्य किया गया है — प्रमाणित कीजिए

2. आजकल सब जगह अंधेरा छाया रहता है। रातें बेहद काली होती हैं — इस कथन में छिपे व्यंग्य के आधार पर धार्मिक पाखंड को स्पष्ट कीजिए।

3. परसाई जी के व्यंग्य की क्या विशेषता है ? स्पष्ट कीजिए

4. परसाई जी की विविध विधाओं में लिखी 6 रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

कबीर – पद

1. अपने पहले पद 'अरे इन दोउन - - -' पद में कबीर ने हिंदू मुसलमान दोनों पर क्या व्यंग्य किए हैं?

2. कबीर की दृष्टि में ईश्वर प्राप्ति का सच्चा उपाय क्या है?

3. कबीर के अनुसार प्रियतम के विरह में विरहिणी की दारुण दशा का वर्णन कीजिए।

4. 'कबीर की भाषा सधुक्कड़ी / खिचड़ी भाषा है' – टिप्पणी कीजिए

अंतराल –

1. 'अंडे के छिलके' कहानी में दो पीढ़ियों के विचारों में मतभेद दिखाकर भी परिवार को इकट्ठा कैसे दिखाया गया है?

2. अम्मा / माँ सब कुछ जानकर भी अनजान क्यों बनी रहना चाहती हैं?

अभिव्यक्ति और माध्यम

1. संपादकीय लेखन क्या होता है?
2. संपादक के क्या दायित्व होते हैं?